देहरादून,पौड़ी-गढ़वाल व अल्मोड़ा से प्रकाशित
www.page3news.in
नगर संस्करण वर्ष 15 अंकः 2 पृष्ठ : 8 मूल्यः एक रूपए

विचार-प्रवाह...पढ़ने आएं भारत



# पेज थ्री

देहरादून, बुधवार, 27 नवंबर 2019



मौसम अधिकतम 22.0° न्यूनतम 12.0°

40821.30

2 बाजवा के सेवा विस्तार पर सुको की रोक

7 स्टीव स्मिथ के करीब पहुंचे विराट कोहली

## संक्षिप्त समाचार

### संसद में ट्रांसजेंडर के अधिकारों से जुड़ा विधेयक पारित

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**
नई दिल्ली। संसद के ऊपरी सदन में मंगलवार को ट्रांसजेंडरों के अधिकारों के संरक्षण संबंधी विधेयक को पास किया गया। विधेयक को सिलेक्ट कमिटी में भेजे जाने की सिफारिश खारिज होने के बाद इसे सदन में पारित किया गया। लोकसभा में यह विधेयक 5 अगस्त को पारित कर दिया गया था। ट्रांजेंडर पर्सन्स (प्रॉटेक्शन ऑफ राइट्स) बिल, 2019 के तहत तीसरे जेंडर के सामाजिक, आर्थिक और शैक्षणिक सशक्तिकरण के लिए मैकेनिज्म उपलब्ध कराने की बात करता है।

### सुनंदा के ट्वीट को रिकॉर्ड के रूप में देखा जाए: थरूर

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। तिरुवनंतपुरम से कांग्रेस सांसद शशि थरूर ने मंगलवार को विशेष अदालत से अपील की कि वह दिल्ली पुलिस को निर्देश दे कि वह उनकी पत्नी सुनंदा पुष्कर द्वारा किए गए विभिन्न ट्वीट को रिकॉर्ड के रूप में लें। सुनंदा की जनवरी 2014 को रहस्यमयी परिस्थितियों में दिल्ली के लीला होटल में मौत हो गई थी। थरूर ने कोर्ट को बताया कि मौत से पहले सुनंदा की मानसिक स्थिति कैसी थी, यह जांचने के लिए उनका ट्विटर अकाउंट देखना जरूरी है।

### 21 भ्रष्ट टैक्स अधिकारियों को किया जबरन रिटायर

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**
नई दिल्ली। सरकार ने भ्रष्टाचार और अवैध गतिविधियों में संलिप्त अधिकारियों को बाहर का रास्ता दिखाने के अभियान के पांचवें चरण में आयकर विभाग के 21 और अधिकारियों को समय से पहले सेवानिवृत्ति कर दिया है। वित्त मंत्रालय के सूत्रों ने यह जानकारी दी। सूत्रों ने कहा कि केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड ने केंद्र सरकार के कर्मचारियों की सेवा नियमावली के नियम 56 (जे) के तहत जनहित में बी समूह के 21आय कर अधिकारियों को भ्रष्टाचार और दूसरे आरोपों में अनिवार्य सेवानिवृत्ति पर भेज दिया है। इस साल जून के बाद से यह पांचवां मौका है।

# तीन पहिये की सरकार ज्यादा नहीं चलेगी

■ डेप्युटी सीएम अजित पवार ने भी दिया इस्तीफा

## शिवसेना को कोसते हुए सीएम देवेंद्र फडणवीस ने दिया इस्तीफा

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

मुंबई। महाराष्ट्र के सीएम देवेंद्र फडणवीस ने शपथ लेने के महज तीन दिन बाद ही पद से इस्तीफा दे दिया है। सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को फ्लोर टेस्ट का आदेश दिया था, लेकिन उन्होंने उसका इंतजार किए बगैर ही इस्तीफा दे दिया है। देवेंद्र फडणवीस ने मीडिया के सामने इस्तीफे की घोषणा करने के बाद राजभवन जाकर गवर्नर को अपना इस्तीफा सौंप दिया। फडणवीस से पहले डेप्युटी सीएम अजित पवार ने भी इस्तीफा दे दिया था।

प्रेस कॉन्फ्रेंस में जब फडणवीस से पूछा गया कि क्या अजित पवार से समर्थन लेने का फैसला गलत था तो उन्होंने कहा कि गलती हुई या नहीं, यह हम बाद में सोचेंगे। उन्होंने कहा, देखिए, चुनाव में वह चुनकर आए और एनसीपी ने उनको (अजित पवार) गुट नेता (विधायक दल का नेता) बनाया। अब सरकार बनाने के लिए गुट नेता की बात तो सुननी पड़ती है न? गलती हुई या नहीं, ये बाद में सोचेंगे।श माना जा रहा है कि देवेंद्र फडणवीस और अजित पवार को यह लग रहा था कि वे फ्लोर टेस्ट में बहुमत साबित नहीं कर पाएंगे और इसके चलते दोनों ने पद से इस्तीफा दे दिया।



### सुप्रीम कोर्ट के फैसले ने ठोकी आखिरी कील

तब से ही माना जा रहा था कि अब देवेंद्र फडणवीस और अजित पवार के लिए बहुमत साबित बेहद कठिन होगा। दोनों नेताओं की मुश्किलों में आखिरी कील ठोंकने का काम सुप्रीम कोर्ट ने किया, जब उसने बुधवार को ही फ्लोर टेस्ट का आदेश दिया। शीर्ष अदालत के फैसले के कुछ देर बाद ही अजित पवार ने सीएम को इस्तीफा दे दिया और फिर देवेंद्र फडणवीस ने भी पद त्याग दिया। इस तरह महाराष्ट्र में शनिवार से शुरू हुए नाटकीय घटनाक्रम का इस्तीफों के साथ पटाक्षेप हो गया।

**फडणवीस ने ट्विटर बायो में लिखा केयरटेकर सीएम**
राज्यपाल भगत सिंह कोश्यारी को इस्तीफा सौंपने के बाद देवेंद्र फडणवीस ने बताया कि राज्यपाल ने उनसे वैकल्पिक व्यवस्था होने तक कार्यवाहक सीएम बने रहने के लिए कहा है। जिसके बाद फडणवीस ने अपने ट्विटर प्रोफाइल पर अपना बायो अपडेट करते हुए महाराष्ट्र का केयरटेकर चीफ मिनिस्टर लिखा है।

### अजित को मनाने में जुटे हुए थे परिवार-पार्टी

अजित पवार ने भले ही शनिवार को डेप्युटी सीएम की शपथ लेकर एनसीपी को झटका दिया था, लेकिन शरद पवार और परिवार के अन्य लोग उनसे लगातार वापसी की अपील करते रहे। एक तरफ शरद पवार अपने विधायकों को एकजुट कर रहे थे तो दूसरी तरफ अजित पवार से मिलने के लिए दूत भी भेज रहे थे। कहा जा रहा है कि मंगलवार को शरद पवार की पत्नी और सुप्रिया सुले के पति सदानंद ने अजित पवार से बात की और उन्हें वापसी के लिए राजी किया।

## केन्द्र ने दिया टिहरी बांध विस्थापित और टीएचडीसी कर्मचारियों को भारी झटका

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** टिहरी। केंद्र सरकार के टीएचडीसी में अपनी 75 फीसदी हिस्सेदारी का विनिवेश कर एनटीपीसी को देने का निर्णय लेने के बाद से टिहरी बांध विस्थापित और टीएचडीसी कर्मचारियों को भारी झटका लगा है। केंद्र का रुख स्पष्ट हो जाने के बाद टीएचडीसी कर्मचारी सरकार के फैसले के विरोध में उतर आए हैं। टिहरी विस्थापितों और झील के पास बसे गांवों के लोग इस फैसले को लोगों के साथ धोखा बता रहे हैं। टिहरी बांध की झील के कारण हो रहे भूस्खलन और भूधंसाव का सर्वे करने वाली एक्सपर्ट कमेटी के अनुसार अब भी टिहरी बांध की झील से सटे 17 गांवों के 415 परिवारों का विस्थापन होना बाकी है।

# उद्धव ठाकरे होंगे महाराष्ट्र के अगले सीएम

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

मुंबई। शिवसेना सुप्रीमो उद्धव ठाकरे महाराष्ट्र के अगले मुख्यमंत्री होंगे। सीएम देवेंद्र फडणवीस के इस्तीफे के बाद मंगलवार को मुंबई के ट्राइडेंट होटल में शिवसेना, एनसीपी, कांग्रेस और कुछ छोटे दलों की संयुक्त बैठक में महा विकास अघाड़ी का औपचारिक तौर पर गठन हुआ। उद्धव ठाकरे को नवगठित महा विकास अघाड़ी का नेता चुना गया। थोड़ी देर में उद्धव ठाकरे के नेतृत्व में शिवसेना-एनसीपी-कांग्रेस के 3 नेता राज्यपाल भगत सिंह कोश्यारी से मिलकर सरकार बनाने का औपचारिक दावा पेश करेंगे। उद्धव ठाकरे फिलहाल विधायक नहीं हैं। मुख्यमंत्री बनने के बाद 6 महीनों के भीतर ही उन्हें विधानसभा या विधान परिषद का सदस्य बनना जरूरी होगा। उद्धव ठाकरे के साथ कांग्रेस और एनसीपी से एक-एक नेता डेप्युटी सीएम पद का भी शपथ ले सकते हैं। एनसीपी की तरफ से जयंत पाटिल और कांग्रेस की तरफ से बालासाहेब थोराट डेप्युटी सीएम बन सकते हैं।

### चुने गए महा विकास अघाड़ी के नेता



**बालासाहेब ठाकरे आज जिंदा होते तो बहुत खुश होते: पवार**
महाविकास अघाड़ी के नेता और मुख्यमंत्री के तौर पर उद्धव ठाकरे के नाम के प्रस्ताव के पास होने के बाद एनसीपी चीफ शरद पवार ने कहा कि राज्य में बदलाव की जरूरत थी।
बालासाहेब ठाकरे का जिक्र करते हुए शरद पवार ने कहा कि वह काफी हाजिरजवाब थे। अगर आज वह होते तो बहुत ज्यादा खुश होते।

### कालिदास कोलंबकर बने प्रोटेम स्पीकर

बीजेपी के विधायक कालिदास कोलंबकर विधानसभा के प्रोटेम स्पीकर बन गए हैं। उन्होंने राजभवन जाकर पद और गोपनीयता की शपथ ली। उन्होंने कहा है कि 27 नवंबर को विस का सत्र बुलाया गया है। उसी दिन सभी विधायकों को पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई जाएगी।
**बैठक में नहीं आए अजित पवार:** बैठक में खास बात यह रही कि डेप्युटी सीएम पद से इस्तीफा देने वाले अजित पवार बैठक में शामिल नहीं हुए।

## भारत में रिश्वत की घटनाओं में 10 प्रतिशत की कमीः ट्रांसपेरेंसी इंटरनैशनल

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। रिश्वतखोरी को लेकर भारत की इमेज सुधरती नजर आ रही है। एक ताजा सर्वे के मुताबिक भारत में रिश्वत की घटनाओं में पिछले साल के मुकाबले 10 प्रतिशत की गिरावट आई है।
इंडिया करप्शन सर्वे 2019 के मुताबिक, 20 राज्यों में यह सर्वेक्षण कराया गया, जिससे यह नतीजे सामने आए हैं। इस सर्वेक्षण में करीब 2 लाख लोगों को शामिल किया गया। 20 राज्यों के 248 जिलों में सर्वेक्षण कराए जाने से पता चला कि पिछले 12 महीने में 51 फीसदी भारतीयों को किसी न किसी वजह से रिश्वत देनी पड़ी है।

**Are you Planning to make a Website or already have ?**
*If yes, then we are here to serve you*
What we do
Website Development
All type of Websites E-Commerce, Hotel Booking, Travel, Bus Ticket Booking, News Portal, Blogs, or as per client requirement.
Promotion & Branding
1. Website Promotion & Branding in any country (200+ Countries)
2. Social Media
3. Bulk SMS
Search Engine Optimisation
A-2-Z Work to make a Website Search Engine Friendly.
You tell us, we do it.
Contact:
Gadoli Media Ventures
Shivam Market, 2nd Floor, Darshan Lal Chowk, Dehra Dun. | Mob: 9319700701, 7579011930
E-Mail: contact@gadoli.in

# जीडीपी वृद्धि दर अनुमान घटकर 4.7 प्रतिशत

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। अर्थव्यवस्था को सुस्ती से उबारने के लिए केंद्र सरकार द्वारा किए जा रहे तमाम प्रयासों के बावजूद राहत का कोई संकेत नजर नहीं आ रहा है। इंडिया रेटिंग्स ऐंड रिसर्च ने मंगलवार को अपनी आकलन रिपोर्ट में चालू वित्त वर्ष के लिए चौथी बार जीडीपी (सकल घरेलू उत्पाद) वृद्धि दर के अनुमान को और कम किया है और इस बार जुलाई-सितंबर की तिमाही में इसके 4.7 प्रतिशत रहने का अनुमान लगाया है। सरकारी आंकड़ों के अनुसार वर्ष 2019-20 की पहली तिमाही में वृद्धि 5 प्रतिशत थी। यह 2013 के बाद किसी तिमाही में न्यूनतम आर्थिक वृद्धि दर थी।
**लगातार छठी तिमाही में घटेगी जीडीपी दरः** इंडिया रेटिंग्स ने चालू वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही में आर्थिक वृद्धि दर 4.7 प्रतिशत रह सकती है। अगर ऐसा होता है तो यह 2012 के बाद लगातार छठी तिमाही होगी, जब जीडीपी वृद्धि दर घटेगी। यह अनुमान तब आया है, जब सरकार ने कंपनी कर में कटौती समेत राजकोषीय प्रोत्साहन के कई कदम उठाए हैं। रेटिंग एजेंसी ने एक बयान में कहा, 'इंडिया रेटिंग्स ऐंड रिसर्च ने 2019-20 के लिए जीडीपी वृद्धि दर अनुमान को संशोधित कर 5.6 प्रतिशत कर दिया है। यह लगतार चौथा मौका है।

### रिसर्च

**शुक्रवार को जारी हो सकते हैं आंकड़े**
बयान के अनुसार, आंकड़ों की समीक्षा जरूरी हो गई थी, क्योंकि उच्च आवृत्ति वाला आंकड़ा बताता है कि वित्त वर्ष 2019-20 की दूसरी तिमाही में 5 प्रतिशत से अधिक वृद्धि दर का पूर्व का अनुमान बरकरार नहीं रह पाएगा। नए अनुमान के अनुसार चालू वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही में यह 4.7 प्रतिशत रह सकती है।

**उपायों के बावजूद सुधार नही**
इंडिया रेटिंग्स का वृद्धि अनुमान मूडीज इनवेस्टर्स सर्विस के संशोधित परिदृश्य 5.8 प्रतिशत से कम है। यह स्थिति तब है, जब मोदी सरकार ने आर्थिक वृद्धि को थामने के लिए कदम उठाया है। सितंबर में सरकार ने कंपनी कर की दर 30 प्रतिशत से घटाकर 22 प्रतिशत कर दिया। इसके अलावा, बैंकों में पूंजी डालना, 10 सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों का चार में विलय, बुनियादी ढांचा क्षेत्र में व्यय के साथ स्टार्टअप के लिये कर लाभ भी दिए गए।